PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Punjab Kesari, Delhi
Tuesday 13th May 2014, Page: 8
Width: 8.31 cms, Height: 12.75 cms, a4, Ref: pmin.2014-05-13.55.84

# सिप्ला ने खरीदी चेज फार्मा की 14.6 प्रतिशत हिस्सेदारी

नई दिल्ली, (भाषा): दवा कंपनी सिप्ला ने आज कहा कि वह 15 लाख डालर में अमरीका की कंपनी चेज फार्मास्यूटिकल्स की 14.6 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी जो अल्जाइमर रोग के इलाज के बेहतर तरीके निकालने में लगी है। सिप्ला ने बंबई शेयर बाजार को सूचित किया कि 'कंपनी ने अमरीका की चेज फार्मास्यूटिकल्स कार्पोरेशन इंक में 14.6 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए 15 लाख डालर के निवेश के लिए समझौता किया है।'' यह सौदा सिप्ला की ब्रिटेन में एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी सिप्ला (ईयू) लिमिटेड के जरिए किया गया है। यह अमरीकी कंपनी को उसकी अल्जाइमर की दवा के क्लिनिकल ट्रायल के लिए 2.1 करोड़ डालर के सामूहिक वित्तपोषण (सिंडिकेट) का हिस्सा होगा। इस सिंडिकेट के अन्य निवेशकों में एडमंड डी रॉथ्सचाइल्ड इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स और न्यू राइन हेल्थकेयर एलएलसी शामिल हैं। सिप्ला ने कहा कि 2.1 करोड़ डालर की राशि दो चरणों में आएगी। इस निवेश के संबंध में सिप्ला लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और वैश्विक मुख्य कार्यकारी सुभानु सक्सेना ने कहा ''यह निवेश सिप्ला न्यू वेंचर्स के भविष्य में सिप्ला के लिए नव-प्रवर्तन के नेतृत्व वाले कारोबार को मजबूत करने के लक्ष्य के अनुरूप है।''

**■ ब्रिटेन में अनुषंगी सिप्ला (ईयू) लि. के जरिए किया गया यह सौदा**

निवेश के महत्व का ब्यौरा देते हुए सिप्ला ने कहा ''भारत में डिमेंशिया के 50 लाख से अधिक रोगी हैं और उनमें से ज्यादातर अल्जाइमर से पीड़ित हैं। इनकी संख्या 2030 तक दोगुनी होने के आसार हैं। ''सिप्ला ने यह भी कहा कि वह चेज में इस दिशा में 45 लाख डालर का अतिरिक्त निवेश करेगी। चेज के वित्तपोषण के अलावा सिप्ला इस रोग के लिए दवा के विकास के लिए कंपनी के साथ गठजोड़ करेगी।